# कार्यालय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर

## सूचना

ज्ञातव्य है कि दिनांक 14.05.2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त लोक अदालत में 06 खण्डपीठों का गठन किया गया है जिसमें माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल एवं सदस्य अधिवक्ता श्री जयदीप सिरपुरकर, माननीय न्यायमूर्ति श्रीमति नंदिता दुबे एवं सदस्य अधिवक्ता श्रीमती नीलम गोयल, माननीय न्यायमूर्ति श्री विशाल धगट एवं सदस्य अधिवक्ता श्री मुकेश कुमार शुक्ला, माननीय न्यायमूर्ति श्री पुरूषेन्द्र कुमार कौरव एवं सदस्य अधिवक्ता श्री संजय पटेल, माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश चंद्र गुप्ता एवं सदस्य अधिवक्ता श्री अविनाश जरगर तथा माननीय न्यायमूर्ति श्री दिनेश कुमार पालीवॉल एवं सदस्य अधिवक्ता श्री अंशुमान सिंह पीठासीन होगें। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त नेशनल लोक अदालत वर्चुअल मोड तथा समस्त कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए फिजिकल मोड से होगी जिसका समय प्रातः 11.00 से प्रारंभ होगा। उपरोक्त लोक अदालत माननीय न्यायमूर्तिगण के न्यायालय में आयोजित की जावेगी। लोक अदालत की कॉजलिस्ट उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

अतः अधिवक्तागणों से अनुरोध है कि तद्नुसार उपरोक्त लोक अदालत में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

दिनांक 13.05.2022

13/5/22

(मोहित [illegible])

रजिस्ट्रार / सचिव